रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

# राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.)
**National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)**
**(An ISO 9001: 2015 Certified Organisation)**
**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार**
**Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India**

फ़ाइल सं.: NHQ-22013/5/2025-एनसी/260 — दिनांक: 23 अप्रैल,.2025

## कार्यालय ज्ञापन

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, एतदद्वारा **नाइलिट विस्तार केंद्र (ईसी), पाली, राजस्थान** के प्रभावी कार्य पद्धति एवं प्रशासन हेतु निम्नवत आदेश जारी किए जाते हैं:-

1) एतदद्वारा नाइलिट विस्तार केंद्र पाली के **प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण नाइलिट अजमेर से नाइलिट मुख्यालय** को **तत्काल प्रभाव से** स्थानांतरित किए जाते हैं।
2) एतदद्वारा **श्री निशांत त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, नाइलिट मुख्यालय** को **प्रभारी निदेशक, नाइलिट विस्तार केंद्र पाली** का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है। वह अपने वर्तमान कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त, केंद्र के समस्त कार्यों को देखेंगे।
3) **श्री बी.एन. सिंह, वैज्ञानिक `डी`** जो वर्तमान में पाली केंद्र से संबद्ध हैं आगे, सभी शासकीय मामलों के लिए **श्री निशांत त्रिपाठी,** प्रभारी निदेशक, नाइलिट विस्तार केंद्र पाली को रिपोर्ट करेंगे।
4) **नाइलिट अजमेर** को निदेशित किया जाता है कि **श्री बी.एन. सिंह, वैज्ञानिक `डी` की समस्त वैयक्तिक फाइल एवं दस्तावेज़ नाइलिट मुख्यालय** को इस कार्यालय ज्ञापन की निर्गत तिथि से **15 दिनों के भीतर** भेजें।

इसके अतिरिक्त, **नाइलिट विस्तार केंद्र पाली से संबंधित समस्त प्रशासनिक दस्तावेज़ एवं कार्यालय अभिलेख**, जो वर्तमान में नाइलिट अजमेर द्वारा प्रबंधित हैं, वह **नाइलिट मुख्यालय को स्थानांतरित** करेंगे ताकि, केंद्रीयकृत समन्वय एवं प्रभावी प्रबंधन का सुनिश्चय किया जा सके।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संजय
23/04/2025
**(डॉ. एस.के. धुरंधर)**
**कुलसचिव**

**सेवा में,**

i कार्यकारी निदेशक, नाइलिट केंद्र, अजमेर
ii श्री निशांत त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, नाइलिट मुख्यालय

**प्रतिलिपि:**

i. कार्यकारी निदेशक/निदेशक/प्रभारी निदेशक, समस्त नाइलिट केंद्र
ii. समस्त स्कंध प्रमुख, नाइलिट मुख्यालय
iii. प्रशा. व का. स्कंध तथा वित्त स्कंध, नाइलिट मुख्यालय एवं अजमेर केंद्र
iv.वेबमास्टर, नाइलिट मुख्यालय- नाइलिट की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
v. हिंदी अनुभाग- आदेश का हिंदी अनुवाद उपलब्ध कराएं।
vi. गार्ड फ़ाइल

**कृपया, सूचनार्थ प्रतिलिपि:**

i. महानिदेशक, नाइलिट
ii. मुख्य सतर्कता अधिकारी, नाइलिट